BIHAR BOARD CLASS - X

2021

HINDI (हिन्दी)

प्रथम पाली (First Sitting)

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

**खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)**

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर पत्रक पर चिन्हित करें।

1. भारत में जाति-प्रथा का मुख्य कारण क्या है ?

(A) बेरोजगारी

(B) गरीबी

(C) उद्योग धंधों की कमी

(D) अमीरी

2. 'विष के दाँत' शीर्षक पाठ की विधा है?

(A) निबंध

(B) कहानी

(C) रेखाचित्र

(D) डायरी

3. किस गवर्नर जनरल के समय 172 दारिस नामक सोने से भरा घड़ा मिला था ?

(A) लार्ड डलहौजी

(B) लार्ड कैनिंग

(C) वारेन हेस्टिंग्स

(D) लार्ड कार्नवालिस

4. 'पुराने का मोह सब समय वांछनीय ही नहीं होता'-यह पंक्ति किस शीर्षक पाठ की है?

(A) नाखून क्यों बढ़ते हैं

(B) बहादुर

(C) मछली

(D) नागरी लिपि

5. 'मछली' किस प्रकार की कहानी है?

(A) मनोवैज्ञानिक

(B) सामाजिक

(C) ऐतिहासिक

(D) सांस्कृतिक

6. 'मेरा धर्म कैदखाने का धर्म नहीं है।' यह पंक्ति किस शीर्षक पाठ की है?

(A) नौबतखाने में इबादत

(B) आविन्यों

(C) शिक्षा और संस्कृति

(D) जित-जित में निरखत हूँ

7. लेखक आविन्यों क्या साथ लेकर गए थे?

(A) कुर्सी

(B) पुस्तक, टाइपराइटर और टेप्स

(C) मेज

(D) डंडा

8. किसके बिना प्राणी को मुक्ति नहीं मिलती ?

(A) मूर्ति पूजन के बिना

(B) कर्मकांड के बिना

(C) गुरु ज्ञान के बिना

(D) तीर्थ यात्रा के बिना

9. सवैया एवं छेद के सिद्ध कवि थे?

(A) रसखान

(B) अनामिका

(C) प्रेमघन

(D) जीवनानंद दास

10. घनानंद किस भाषा के कवि हैं?

(A) पालि भाषा

(B) ब्रज भाषा

(C) प्राकृत भाषा

(D) मैथिली भाषा

11. 'आम' शब्द का पर्यायवाची कौन है?

(A) प्रसून

(B) झख

(C) द्रुम

(D) रसाल

12. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है?

(A) अनाधिकार

(B) अनधिकार

(C) नधिकार

(D) अनाधीकार

13. 'आमरण' शब्द में उपसर्ग है

(A) आ

(B) मा

(C) इमा

(D) ईमा

14. 'मानव मुक्ति के पुरोधा' किसे कहा गया है?

(A) नलिन विलोचन शर्मा

(B) यतीन्द्र मिश्र

(C) भीमराव अंबेदकर

(D) अमरकांत

15. 'मैं तो खोखा को इंजीनियर बनाने जा रहा हूँ- 'यह कथन किसका है?

(A) सेन साहब का

(B) मिस्टर सिंह का

(C) गिरधर लाल का

(D) मुकर्जी साहब का

16. 'हितोपदेश' का जर्मन भाषा में अनुवाद किसने प्रकाशित करवाया ?

(A) महात्मा गाँधी ने

(B) मैक्स मूलर ने

(C) गुणाकर मूले ने

(D) अमरकांत ने

17. 'नृवंश विद्या' का संबंध किससे है?

(A) खगोल विज्ञान से

(B) मानव विज्ञान से

(C) वनस्पति विज्ञान से

(D) भूगर्भ विज्ञान से

18. किस देश के लोग बड़े-बड़े नख पसंद करते थे?

(A) अंगदेश के

(B) गांधार के

(C) कैकय देश के

(D) गौड़ देश के

19. 'सूर्य' नामक पुस्तक किनकी रचना है ?

(A) मैक्समूलर

(B) बिरजू महाराज

(C) गुणाकर मुले

(D) महात्मा गाँधी

20. नेवारी भाषाएँ किस लिपि में लिखी जाती हैं?

(A) देवनागरी

(B) खरोष्ठी

(C) शौरसेनी

(D) ब्राह्मी

21. 'दुर्गंध' शब्द का संधि-विच्छेद है।

(A) दुर्ग + ध

(B) दु + गंध

(C) दूर + गंध

(D) दुः + गंध

22. 'ङ' का उच्चारण स्थान क्या है?

(A) कंठ

(B) तालु

(C) मूर्द्धा

(D) दंत

23. 'लोहा' शब्द है

(A) स्त्रीलिंग

(B) पुल्लिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नही

24. 'कलम' शब्द कौन संज्ञा है?

(A) जातिवाचक

(B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक

(D) समूहवाचक

25. नाच न जाने आँगन टेढ़ा' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

(A) पीछा न छोड़ना

(B) हानि पहुँचाना

(C) काम न जानना और बहाना

(D) मुर्ख व्यक्ति

26. 'गुण' शब्द का विलोम होगा

(A) दाता

(B) दोष

(C) कृपण

(D) दिवा

27. 'प्रत्येक' शब्द कौन समास है?-

(A) अव्ययीभाव

(B) तत्पुरुष

(C) द्विगु

(D) द्वंद्व

28. 'राम खाता होगा' कौन काल है।

(A) भूतकाल

(B) संदिग्ध वर्तमानकाल

(C) भविष्यकाल

(D) सामान्य भूतकाल

29. 'सभा' शब्द कौन संज्ञा है?

(A) जातिवाचक

(B) व्यक्तिवाचक

(C) समूहवाचक

(D) भाववाचक

30. 'आग' शब्द है

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) विदेशज

31. मंगम्मा मिठाई किसके लिए ले जा रही थी?

(A) पोता के लिए

(B) पोती के लिए

(C) भौजी के लिए

(D) बहू के लिए

32. 'ढहते विश्वास' कहानी में किस राज्य को बाढ़ एवं सूखा से प्रभावित दिखाया गया है?

(A) उड़ीसा

(B) बिहार

(C) नेपाल

(D) केरल

33. पहले दिन पाप्पाति को क्या था ?

(A) सर्दी

(B) जुकाम,

(C) बुखार

(D) दर्द

34. 'ढहते विश्वास' कहानी में स्कूल कहाँ है?

(A) पठार के नीचे

(B) टीले के नीचे

(C) पहाड़ के नीचे

(D) पेड़ के नीचे

35. सीता के बेटों ने सीता को रुपए माहवारी खर्च देने का निर्णय लिया?"

(A) 100 रु

(B) 50 रु

(C) 60 रु

(D) 70 रु

36. 'अच्छे लड़के परिश्रमी होते हैं-कौन वाक्य का उदाहरण है?

(A) मिश्र वाक्य

(B) सरल वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) इनमें से कोई नहीं

37. संतू मछली लेकर क्यों भागा ?

(A) कुएँ में डालने के लिए

(B) बेचने के लिए

(C) पकाने के लिए

(D) काटने के लिए

38. 'एक वृक्ष की हत्या' किस कविता संग्रह से संकलित है?

(A) दुष्चक्र में स्रष्टा

(B) इन दिनों

(C) सदानीरा

(D) ग्राम्या

39. 'नदी के द्वीप' किस कवि की रचना है ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) सुमित्रानंदन पंत

(C) कुँवर नारायण

(D) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

40. 'सदियों की ठंडी-बुझी राख सुगबुगा उठी, मिट्‌टी सोने का ताज पहन इठलाती है'- किस कविता की पंक्ति है ?

(A) भारतमाता

(B) स्वदेशी

(C) हिरोशिमा

(D) जनतंत्र का जन्म

41. 'जिंदगी और जोक' किस लेखक की रचना है?

(A) भीमराव अंबेदकर

(B) गुणाकर मुझे

(C) अशोक वाजपेयी

(D) अमरकांत

42 बहादुर को लेकर कौन आया था?

(A) लेखक का भाई

(B) लेखक का साला

(C) लेखक की बहन

(D) लेखक की चाची

43. लेखक रामविलास शर्मा की दी के गाँव का क्या नाम था?

(A) ऊँचगा सानी

(B) ऊँचगाँव सानी

(C) उचकागाँव सैनी

(D) ऊँचागाँव सैनी

44. पंडित बिरजू महाराज किस घराने के वंशज थे?

(A) बनारस घराने के

(B) लखनऊ घराने के

(C) डूमरॉव घराने के

(D) जयपुर घराने के

45. भौतिकवाद का अर्थ भाग्यवाद नहीं है- किस निबंध को पंक्ति है?

(A) नागरी लिपि

(B) परम्परा का मूल्यांकन

(C) श्रम विभाजन और जाति प्रथा

(D) नाखून क्यों बढ़ते हैं

46. बिरजू महाराज का संबंध है

(A) तबला वादन से

(B) संतूर वादन से

(C) बाँसुरी वादन से

(D) इनमें से कोई नहीं

47. निम्न में निश्चय' शब्द का विलोम कौन है?

(A) उपनिश्चय

(B) ननिशिचय

(C) अनिश्चय

(D) वनिशिचय

48. वास्तविक शब्द में प्रत्यय है।

(A) ईक

(B) विक

(C) क

(D) इक

49. रुचि शब्द का विशेषण है।

(A) रुचिकर

(B) रुचिक

(C) रुचि

(D) रुचना

50. 'महाशय' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है?

(A) महाशयी

(B) महाशया

(C) महाशिनी

(D) महाशियी

51. 'भानुमती का पिटारा' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(A) भानुमती को अटैची

(B) अनावश्यक वस्तुओं का भंडार

(C) भानुमती की सम्पत्ति

(D) भानुमती का गुल्लक

52. 'अज्ञान' शब्द कौन समास है?

(A) बहुव्रीहि समास

(B) कर्मधारय समास

(C) नव् समास

(D) द्वंद्व समास

53. निम्न में भाववाचक संज्ञा कौन है?

(A) बुढ़ापा

(B) पहाड़

(C) नदी

(D) राम

54. 'बहादुर' शीर्षक कहानी की निर्मला कौन थी?

(A) लेखक की बहन

(B) लेखक की पत्नी

(C) लेखक की रिश्तेदार

(D) लेखक की माँ

55. 'आसादीवार' किस कवि की रचना है?

(A) रसखान

(B) कुँवर नारायण

(C) रामधारी सिंह दिनकर

(D) गुरु नानक

56. किनके जन्म दिवस को अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है?

(A) महात्मा गाँधी

(B) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(C) जवाहरलाल नेहरू

(D) बाल गंगाधर तिलक

57. गुरु नानक पंजाबी के अलावे और किस भाषा में कविताएँ लिखे?

(A.) उड़िया

(B) हिंदी

(C) मराठी

(D) बंगाली

58. सम्प्रदायमुक्त कृष्णभक्त कवि कौन थे?

(A) रसखान

(B) सुमित्रानंदन पंत

(C) प्रेमघन

(D) वीरेन डंगवाल

59. रसखान का रचनाकाल था

(A) शाहजहाँ का शासनकाल

(B) जहाँगीर का शासन काल

(C) हुमायूँ का शासन काल

(D) अकबर का शासन काल

60. वियोग में सच्चा प्रेमी जो वेदना सहता है, उसके चित्त में जो विभिन्न तरंगें उठती हैं-का चित्रण किया है

(A) घनानंद ने

(B) अनामिका ने

(C) रेनर मारिया मिल्के ने

(D) वीरेन डंगवाल ने

61. निम्न में शुद्ध शब्द है

(A) शिव

(B) हिंदु

(C) मधूर

(D) सौहार्द्र

62. 'विवाह' शब्द है

(A) स्त्रीलिंग

(B) पुल्लिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

63. 'मैं पढ़ रहा हूँ', किस काल का उदाहरण है?

(A) वर्तमानकाल

(B) भूतकाल

(C) भविष्यत काल

(D) इनमें से कोई नहीं

64. 'लंबोदर' शब्द कौन समास है?

(A) द्वन्द्व

(B) बहुव्रीहि

(C) द्विगु

(D) तत्पुरुष

65. 'महिला' का पर्यायवाची है

(A) सविता

(B) नारी

(C) अंशुमाली

(D) नीरधि

66. 'एड़ी' शब्द का विलोम है

(A) सुधा

(B) सूखा

(C) चोटी

(D) लाघव

67. 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का अर्थ है

(A) होशियार समझना

(B) अन्याय

(C) एक ही सहारा

(D) बुद्धि भ्रष्ट होना

68. 'लिखावट' शब्द है

(A) स्त्रीलिंग

(B) पुल्लिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

69. 'श्रीमान्' शब्द का सीलिंग रूप क्या है?

(A) श्रीमनी

(B) श्रीमानी

(C) श्रीमती

(D) श्रीमानाइन

70. शुद्ध शब्द है

(A) गुणि

(B) पती

(C) तत्कालिक

(D) प्रामाणिक

71. 'तुम क्या खा रहे हो?" रेखांकित शब्द कौन सर्वनाम है ?

(A) अनिश्चयवाचक

(B) प्रश्नवाचक

(C) संबंधवाचक

(D) निश्चयवाचक

72. 'चोर' शब्द का विलोम है

(A) निर्दोष

(B) अच्छा

(C) गुणवान

(D) साधु

73. 'भारत के प्रधानमंत्री - किस पदबंध का उदाहरण है?

(A) संज्ञा पदबंध का

(B) विशेषण पदबंध का

(C) सर्वनाम पदबंध का

(D) क्रिया पदबंध का

74. 'संगम' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) सं+ गम

(B) सन+ गम

(C) सम् + गम

(D) स मगम

75. निम्न में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) आपका भवदीय!

(B) साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।

(C) वहाँ भारी भरकम भीड़ जमा थी।

(D) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।

76. मंगम्मा क्या वेचती थी?

(A) मक्खन

(B) दूध

(C) दही

(D) घी

77. मंगम्मा कहाँ की रहने वाली है?

(A) अवलूर के पास किसी गाँव की

(B) सातूर के पास किसी गाँव की

(C) जालौन के पास किसी गाँव की

(D) नागौर के पास किसी गाँव की

78. मंगस्या किस भाषा की कहानी है?

(A) तेलगू

(B) उड़िया

(C) हिंदी

(D) कन्नड़

79. 'धरती कब तक घूमेगी' के रचनाकार कौन हैं?

(A) सातकोड़ी होती

(B) ईश्वर पेटलीकर

(C) सुजाता

(D) साँवर दइया

80. लेखक सुजाता का जन्म कब हुआ था?

(A) 1936 ई.में

(B) 1935 ई.में

(C) 1937 ई.में

(D) 1938 ई.में

81. दिनकर जी कवि के साथ-साथ

(A) आलोचक भी थे

(B) गद्यकार भी थे

(C) उपन्यासकार भी थे

(D) संगीतकार भी थे

82. 'उगते हुए सूरज का देश' किसे कहा जाता है ?

(A) जापान को

(B) नेपाल को

(C) भूटान को

(D) इरान को

83. 'एक वृक्ष की हत्या' शीर्षक कविता में वृक्ष की सूखी डाली किसकी तरह थी?

(A) बीमार आदमी की तरह

(B) राइफिल की तरह

(C) कमजोर आदमी की तरह

(D) थके हुए आदमी की तरह

84. कवयित्री अनामिका के अनुसार चौखटे में क्या नहीं अँटता ?

(A) खरगोश

(B) 'क'

(C) घड़ा

(D) गमला

85. कौन-सा महीना 'माँ' के लिए आराध्यदेव बन गया था?

(A) चैत

(B) अगहन

(C) ज्येष्ठ

(D) आषाढ़

86. पाप्पाति किस पर लेटी हुई थी ?

(A) चौकी पर

(B) स्ट्रेचर पर

(C) खटिया पर

(D) पलंग

87. 'धरती कब तक घूमेगी' शीर्षक कहानी में किसे महसूस होने लगा कि आकाश अनन्त नहीं पर है?

(A) पुष्पा को

(B) भँवरी को

(C) बिज्जू को

(D) सीता को

88. सीता के कितने लड़के थे ?

(A) तीन

(B) चार

(C) पाँच

(D) छह

89. 'तुलनात्मक व्याकरण' किसकी रचना है ?

(A) सातकोड़ी होता की

(B) सुजाता की

(C) काल्डवेल की

(D) साँवर दइया की

90. 'भ' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) ओष्ठ

(B) तालु

(C) मूर्दा

(D) दंत

91. 'सुजान सागर' किनकी रचना है?

(A) गुरु नानक की

(B) प्रेमघन की

(C) रसखान की

(D) घनानंद की

92. 'अति सूधो सनेह को मारग हैं-छंद के रचनाकार हैं

(A) अज्ञेय

(B) कुँवर नारायण

(C) वीरेन डंगवाल

(D) घनानंद

93. 'प्रेमघन' किस युग के प्रमुख कवि थे?

(A) प्रयोगवाद युग के

(B) प्रपद्यवाद युग के

(C) भारतेन्दु युग के

(D) छायावाद युग के

94. 'जीर्ण जनपद' किस कवि की रचना है?

(A) बदरीनारायण चौधरी प्रेमघन की

(B) अनामिका की

(C) घनानंद की

(D) रसखान की

95. 'स्वदेशी' कविता संकलित है

(A) ग्राम्या से

(B) भग्नदूत से

(C) रसखान रचनावली से

(D) 'प्रेमधन सर्वरव से

96. 'सुमित्रानंदन पंत' का जन्म कब हुआ था?

(A) 1800 ई.में

(B) 1700 ई. मे

(C) 1900 ई.में

(D) 1905 ई.में

97. 'खेत' शब्द है

(A) विदेशज

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) तत्सम

98. सत्य के लिए आग्रह - के लिए एक शब्द है

(A) सत्यग्रह

(B) सत्य आग्रह

(C) सत्याग्रह

(D) सत्याआग्रह

99. वह छत से गिर पड़ा- यह किस कारक का उदाहरण है?

(A) अपादान कारक

(B) कर्ता कारक

(C) कर्म कारक

(D) अधिकरण कारक

100. 'ग' का उच्चारण स्थान क्या है?

(A) तालु

(B) मूर्द्धा

(C) कंठ

(D) ओष्ठ

**खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)**

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा।

(क) यात्रा वृत्तांत लेखन में राहुल सांकृत्यायन का स्थान अन्यतम है। वह यायावरी वृत्ति और फक्कड़-घुम्मकड़ प्रकृति के व्यक्तित्व रहे, अत: उनके अनेक यात्रा वृत्तांत जीवनानुभव से पूर्ण सत्य का उद्घाटन करते हैं। तिब्बत में सवा वर्ष', 'मेरी यूरोप यात्रा', 'मेरी तिब्बत यात्रा' आदि उनके इस युग के महत्त्वपूर्ण यात्रा वृत्तांत है। 'तिब्बत में सवा वर्ष' में न केवल जनजीवन की सशक्त झाँकी है, वरन् वहाँ रहकर खोजे गए ग्रंथों का भी विस्तृत विवरण मिलता है। 'मेरी यूरोप यात्रा' में यूरोप के दर्शनीय स्थानों के अतिरिक्त कैम्ब्रिज तथा ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयों के रोचक वृत्त भी प्रस्तुत हैं। अनेक चित्रों से अलंकृत तथा डायरी शैली में लिखी गयी 'मेरी तिब्बत यात्रा' में तिब्बत के प्राकृतिक सौन्दर्य का मनोहरी निरूपण मिलता है।

(i) राहुल सांकृत्यायन का व्यक्तित्व कैसा था ?

(ii) उनके महत्त्वपूर्ण यात्रा वृत्तांत कौन-कौन थे?

(iii) जन-जीवन की झाँकी किस यात्रा वृत्तांत में मिलती है?

(iv) किस यात्रा वृत्तांत में कैम्ब्रिज तथा ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयों के रोचक वृत्त प्रस्तुत है ?

(v) 'मेरी तिब्बत यात्रा' में किसका निरूपण किया गया है?

(ख) शिवपूजन सहाय का जन्म 9 अगस्त 1893 ई० को बिहार के शाहाबाद जिले में हुआ था। ये हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यासकार, कहानीकार, सम्पादक और पत्रकार रहे हैं। इन्हें साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में 1960 ई. में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इनके लेखन की शुरुआत गुलाम भारत में होती है। भारत उस समय बाहा और भीतरी गुलामी से घिरा था। इन्हें 'भाषा का जादूगर' भी कहा गया है। इनकी मस्ती और जिंदादिली इनके व्यक्तिगत निबंधों में दिखलाई पड़ती है। इन्हें 1962 ई- में भागलपुर विश्वविद्यालय द्वारा डी. लिट् की मानक उपाधि प्रदान की गयी। स्वतंत्रता के बाद शिवपूजन सहाय बिहार राष्ट्रभाषा परिषद के संचालक तथा बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से प्रकाशित 'साहित्य' नामक शोध-समीक्षा-प्रधान त्रैमासिक पत्र के सम्पादक रहे।

(i) शिवपूजन सहाय का जन्म कब हुआ था ?

(ii) इन्हें किस क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया ?

(iii) इनके लेखन की शुरुआत कब होती है?

(iv) 'भाषा का जादूगर' किसे कहा गया है?

(v) स्वतंत्रता के बाद शिवपूजन सहाय किसके सम्पादक रहे?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा।

(क) इस संसार में धन ही सबकुछ नहीं है। धन की पूजा तो बहुत कम जगहों में होती देखी गई है। संसार का इतिहास उठाकर देखिए और उदाहरण ढूंढ-ढूँढकर सामने रखिए, तो आपको विदित हो जाएगा कि जिनकी हम उपासना करते हैं, जिनके लिए हम आँखें बिछाने तक को तैयार रहते हैं, जिनकी स्मृति तरोताजा रखने के लिए हम अनेक तरह के स्मारक चिह्न बनाकर खड़े करते हैं, उन्होने रुपया कमाने में अपना समय नहीं बिताया था, बल्कि उन्होंने कुछ ऐसे काम किए थे, जिनकी महत्ता हम रुपए से अधिक मूल्यवान समझते हैं। जिन लोगों के जीवन का उद्देश्य केवल रुपया बटोरना है, उनकी प्रतिष्ठा कम हुई है। अधिकांश अवस्थाओं में उन्हें किसी ने पूछा तक नहीं। उन्होंने जन्म लिया, रुपया कमाया और परलोक की यात्रा की किसी ने जाना तक नहीं कि वे कौन थे और कहाँ गए मानव समाज स्वार्थी अवश्य है, पर वह स्वार्थ की उपासना करना नहीं

जानता। अंत में वे ही पूजे जाते हैं, जिन्होंने अपने जीवन को अर्पित करते समय सच्चे मनुष्यत्व का परिचय दिया है।

(i) संसार में किस प्रकार के मनुष्य की पूजा होती है ?

(ii) किनकी प्रतिष्ठा कम हुई है ?

(iii) कैसे व्यक्ति की समाज उपासना करता है?

(iv) संसार में धन के पुजारियों की क्या गति होती है?

(v) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दें।

(ख) भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाना था। इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न सिर्फ खेतों में, बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग खाद्यान्न की गुणवत्ता के लिए सही नहीं है, लेकिन जिस रफ्तार से देश की आबादी बढ़ रही है, उसके मद्देनजर फसलों की अधिक पैदावार जरूरी थी। समस्या सिर्फ रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नहीं है। देश के ज्यादातर किसान परंपरागत कृषि से दूर होते जा रहे हैं। दो दशक पहले तक हर किसान के यहाँ गाय, बैल और भैस खुटों से बँधे मिलते थे। अब इन मवेशियों की जगह ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ले ली है। परिणामस्वरूप गोबर और घूरे की राख से बनी कंपोसट खाद खेतों में गिरनी बंद हो गई। पहले चैत- वैशाख में गेहूँ की फसल कटने के बाद किसान अपने खेतों में गोवर, राख और पत्तों से बनी जैविक खाद डालते थे। इससे न सिर्फ खेतों की शक्ति बरकरार रहती थी, बल्कि इससे किसानों को आर्थिक लाभ के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाली फसल भी मिलती थी।

(i) हमारे देश में हरित क्रांति का उद्देश्य क्या था ?

(ii) खाद्यान्नों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किनका प्रयोग सही नहीं था ?

(iii) विशेषज्ञ हरित क्रांति की सफलता के लिए क्या आवश्यक मानने लगे और क्यों?

(iv) हरित क्रांति ने किसानों को परम्परागत कृषि से किस तरह दूर कर दिया?

(v) जैविक खाद का मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर क्या असर पड़ता है?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 250-300 शब्दों में निबंध लिखें।

(क) परिश्रम की महत्ता

(i) भूमिका

(ii) महत्त्व

(iii) उपसंहार

(ख) राष्ट्रभाषा

(i) आरंभ

(ii) पक्ष में तथ्य

(iii) आवश्यकता

(iv) उपसंहार ।

(ग) हमारा विद्यालय

(i) प्रारंभ

(ii) शिक्षण व्यवस्था

(iii) पाठ्यक्रमेतर कार्य

(iv) उपसंहार ।

(घ) मित्रता

(i) प्रारंभ

(ii) लाभ

(iii) हानि

(iv) उपसंहार ।

(ङ) गणतंत्र दिवस

(i) भूमिका

(ii) इतिहास

(iii) महत्त्व

(iv) उपसंहार ।

4. अपने छोटे भाई को जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक बधाई पत्र लिखिए।

अथवा

कम्प्यूटर शिक्षा की अनिवार्यता पर शिक्षक एवं छात्र के बीच के संवाद को लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 20-30 शब्दों में दें।

(क) कुशल व्यक्ति या सक्षम श्रमिक समाज का निर्माण करने के लिए क्या आवश्यक है?

(ख) मदन हक्का-बक्का क्यों रह गया ?

(ग) धर्मों की दृष्टि से भारत का क्या महत्त्व है?

(घ) कवि वीरेन डंगवाल किन अत्याचारियों का जिक्र करते हैं?

(ङ) घर, शहर और देश के बाद कवि किन चीजों को बचाने की बात करता है और क्यों?

(च) मनुष्य की छायाएँ कहाँ और क्यों पड़ी हुई है?

(घ) बहू ने सास को मनाने के लिए कौन-सा तरीका अपनाया?

(ज) नदी की बाढ़ का विकराल रूप देखने के बावजूद मनुष्य वहाँ से क्यों नहीं खिसका ?

(झ) कवि वीरेन डंगवाल के अनुसार धमाके से कहाँ 'देवी जागरण हुआ?

(ञ) देवनागरी लिपि के अक्षरों में स्थिरता कैसे आई?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (शब्द सीमा लगभग 100)

(क) लेखक ने वारेन हेस्टिंग्स से संबंधित किस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना का हवाला दिया है और क्यों?

(ख) निम्न पंक्तियों का अर्थ लिखें-

"सबै विदेशी वस्तु नर, गति रति रीत लखात ।

भारतीयता कछु न अब, भारत में दरसात।।

मनुज भारती देखि कोठ, सकत नहीं पहिचान।

मुसलमान, हिंदू किधौ, के है ये क्रिस्तान।।"